# गायत्री महायज्ञ में लगी ऊर्जा संवर्धन प्रदर्शनी

लोक संवाददाता » सौसर २८ जनवरी

शान्ति कुन्ज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्ति पीठ सौसर तथा सौसर परिक्षेत्र के समस्त नागरिकों के सहयोग से विराट महिला जागृति सम्मेलन तथा गायत्री महायज्ञ का आयोजन दिनांक २३ से २५ जनवरी तक किया गया. इस कार्यक्रम मे विभिन्न स्टाल लगाये गये. जिनमें रेमण्ड लिमिटेड टेक्सटाइल डिविजन छिन्दवाड़ा के सौजन्य से ऊर्जा संवर्धन जागृति अभियान नामक भव्य प्रदर्शनी लगी.

प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जन-साधारण को ऊर्जा के महत्व को समझना, भविष्य मे ऊर्जा की संभावित कमी के प्रति जागृत होकर ऊर्जा की कमी को पूरा करना तथा ऊर्जा पर खर्च होने वाले स्वंय के बजट को नियंत्रित करना था. प्रदर्शनी मे तकनीकी जानकारियो को सरल व सुबोध भाषा में आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया. ज्ञात हो की रेमण्ड लिमिटेड छिन्दवाड़ा संभाग का ऊर्जा संवर्धन के क्षेत्र में एक गौरव-शाली इतिहास रहा है.

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार एवं बिड़ला फाउण्डेसन के द्वारा संरक्षण के क्षेत्र मे संस्थान को सन् १९९९ मे प्रथम पुरस्कार, सन २००२ मे द्वितीय पुरस्कार, सन २००३ राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण का गुणवत्ता प्रमाण पत्र, सन २००४ बिड़ला फाउण्डेसन प्रदत्त ऊर्जा संरक्षण का प्रथम पुरस्कार तथा सन २००४ राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण का गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया.

प्रदर्शनी मे लोगों द्वारा घरों में प्रयोग किये जाने वाले विद्युत उपकरणों का विद्युत ऊर्जा का खपत के आधार पर तुलनात्मक जानकारी दी गई. सी.एफ.एल. लैंप, तथा एल.ई.डी. लैंप के प्रयोग का लाभ बताया गया.

साथ ही साथ घरों मे प्रयोग होने वाले सीलींग फैन का ऊर्जा खपत के आधार पर साधारण निर्माता तथा प्रतिष्ठित निर्माताओं द्वारा निर्मित फैन की तुलना भी प्रदर्शित की गई.

## दीपयज्ञ में जगमगाए २४०० दीप

विराट महिला जागृति सम्मेलन एवं गायत्री महायज्ञ का समापन विराट २४०० दीपो के दीपयज्ञ से सम्पन्न हुआ. महायज्ञ के तृतीय संध्या पर ७.०० बजे दीपमहायज्ञ प्रारंभ हुआ. इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर वासी और प्रबुद्ध वर्ग उपस्थित थे.

प्रत्यक्ष प्रमाण की तर्ज पर सम्पूर्ण सौसर नगर की महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित रहीं. लगभग १२ हजार लोगो की उपस्थिति में दिव्य दीपयज्ञ सम्पन्न हुआ. यज्ञ एवं जीवन यज्ञ दर्शन पर अपने प्रवचन पर प्रवचनकार दीदी ने कहा की यज्ञ सम्पूर्ण ब्रम्हाण्ड की नाभी केन्द्र है एवं यज्ञ से ही सम्पूर्ण जगत संचालित होता है. दिव्य यज्ञ के साथ ही विराट महायज्ञ की पूर्ण आहुति की गई. इसके पूर्व करीब ५० हजार से अधिक परिजनों ने महा प्रसाद ग्रहण किया.

# EXHIBITION ON ENERGY CONSERVATION AT SAUSAR

# EXHIBITION ON ENERGY CONSERVATION AT SAUSAR

## (स) वाहन संबधी जानकारीयाँ –

- एक निर्धारित गति(45-55कि.मी.प्रति घंटा) से ही वाहन चलाये बार-बार धीमा करने तेज करने ,या चालु-बंद करने से ईंधन की खपत अधिक होती है .
- आवश्यकता पडने पर ही क्लच का प्रयोग करें ,अनावश्यक क्लच के प्रयोग से शक्ति तथा ईंधन की बरबादी होती है .
- ब्रेक लगाने से पुर्व वाहन की गति कम कर लेना चाहीए ,अचानक ब्रेक लगाने से ईंधन व्यर्थ होता है.
- एअर फिल्टर को साफ करते रहना चाहीए. गन्दे फिल्टर के कारण ईंधन की खपत अधिक होती है .
- चक्कों की हवा का दबाव परखते रहना चाहीए .
- ईंधन का रिसाव रोके.
- किसी भह पडाव पर दो मिनिट से ज्यादा रूकने पर अपने वाहन का ईंजन बन्द कर देंवे
- गाडी के ईंजन को अच्छी अवस्था में रखते हुए ईंधन की बचत कर सकते है .
- लुब्रीकेशन हेतु अर्न्तराष्टीय गुणवत्ता युक्त 2 T आईल का प्रयोग करें .



स्माल ग्रुप एक्टिविटी टीम्स्
रेमण्ड लिमिटेड

उर्जा संवर्धन समिति
रेमण्ड लिमिटेड

"अमल करो नित ध्यान से ऊर्जा बचत उपाय"
संकट मोचन मंत्र यह जन अरू लोक हिताय"

कल्याणी प्रिंटर्स रेमण्ड चौक,226305

ऊर्जा संरक्षण हो ध्येय हमारा।
राष्ट्रहित में कदम यह प्यारा ॥

# रेमण्ड लिमिटेड ( टेक्सटाईल डिविजन छिन्दवाडा) व्दारा जनहित में प्रसारीत :-

ऊर्जा का संरक्षण करिए
बूँद-बूँद से सागर भरिए।

# उर्जा संवर्धन संबंधीत सामान्य जानकारीयाँ

## (अ) विद्युत सम्बन्धी जानकारीयाँ –



- 1 अश्व शक्ति (हार्स पावर) = 746 वॉट
- 1 अश्व शक्ति(हार्स पावर) = 0.746 किलो वॉट
- 1 युनिट = 1 किलो वॉट प्रति घंटा।
- जब कोई 1 किलो वॉट क्षमता वाला विद्युत उपकरण लगातार फुल लोड पर1 घंटे तक चले तो वह 1 युनिट विद्युत उर्जा की खपत करता है .
- साधारण बल्व 12 ल्युमन प्रति वॉट का प्रकाश देता है .
- कॉपर चोक युक्त सी०एफ०एल 45 ल्यूमन प्रति वॉट का प्रकाश देता है .
- इलेक्ट्रानिक चोक युक्त सी०एफ०एल 60 ल्यूमन प्रति वॉट का प्रकाश देता है .
- साधारण फ्लोरोसेन्ट ट्यूब साधारण कॉपर चोक युक्त 45.5 ल्यूमन प्रति वॉट का प्रकाश देता है .
- आधुनिक ट्राई फास्फोरस ट्युब लाइट इलेक्ट्रानिक चोक युक्त 98.5 ल्यूमन प्रति वॉट का प्रकाश देता है .
- कोई भी उपकरण अपनी उम्र के दौरान जितने मुल्य की उर्जा की खपत (या बचत) करतें है उसके सामने उनकी मूल कीमत नगण्य होती है अत: उपकरण के क्रय में खपत के कारकों का ध्यान रखना चाहीए .
- आने वाले समय में हर विद्युत उपकरण को कहीं लगाने के पुर्व उसकी वास्तविक खपत (वॉटेज) जानना बहुत जरूरी होगा अन्यथा बिजली के बिल से हम परेशान हो जायेंगे .
- प्रकाश व्यवस्था में चोक ह्रदय के समान होता है बिजली के बिल को अत्यधिक बढाने के अलावा एक कमजोर चोक लेम्प की उम्र भी कम कर देता है .
- रीफलेक्टर्स के साथ लगी हुई ट्युब लाईट फिटींग के इस्तेमाल से कमरे को अधिक प्रकाशमय किया जा सकता है .
- उर्जा कार्य क्षमता की दृष्टी से सी०एफ०एल साधारण बल्व का पर्याय हो सकता है किन्तु यह ट्युब लाइट का पर्याय नही है .
- 40 वॉट ट्युब लाइट के स्थान पर 36 वॉट के ट्युब लाइट के प्रयोग से 8 स 10 प्रतिशत तक बिजली की बचत होती है .
- कमरे के दिवार की भीतरी सतह पर हल्के रंग का प्रयोग करें .एसा करने से कम वाट के प्रकाश उपकरणों से भी कमरे को उपयुक्त रूप से प्रकाशमय किया जा सकता है .

## (ब) घरेलु जानकारीयाँ



- सूर्य के प्रकाश का अधिकतम प्रयोग करें .
- प्रकाश तंत्र का स्थापन उचित उचाई पर करें.
- लैंपों में फिक्सचरों की नियमित सफाई करें.इनमे धुल जमा होने से रोशनी स्तर में 20 से 30 प्रतिशत तक की कमी आती है.
- अपनी प्रकाश–सज्जा को नियमित रूप से साफ करें .
- अपने कार्यालय के स्थल का निर्माण इस प्रकार करें कि दिन के समय प्राकृतिक प्रकाश का अधिकाधिक प्रयोग किया जा सके तथा प्राकृतिक हवा उपलब्ध हो .
- कमरे से जाते समय सभी लाईटें एवं पंखे बंद करें.
- रैफ्रिजरेटर के दरवाजे को अधिक समय तक खुला न रखें तथा बार–बार न खोले.फ्रिज के अन्दर यदि 1/4 इंच से अधिक मोटी बर्फ की सतह हो जाये तो डिफ्रॉस्ट कर लें नियमित डिफ्रास्टिंग से ऊर्जा खपत कम होती है .
- खाद्य वस्तुओं को फ्रिज में रखने से पहले कमरे के तापमान के अनुसार थंडा करें|
- एल.पी.जी.गैस की लौ को अपने बर्तन के तले अनुसार नियंत्रित करें .